

कर्नाटक सरकार

हिंदी सुमन

प्रथम भाषा हिंदी
First Language

Part - 2

1

प्रथम कक्षा
First Standard

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

Karnataka Textbook Society (R.)
6th Cross, Malleshwaram,
Bengaluru - 560 003.

अनुक्रमणिका



क्र.सं.	शीर्षक	विधा	पृ.सं
02.	गिनती का गीत	कविता	1
03.	लोमड़ी और कौआ	चित्रकथा	4
04.	हाथी	कविता	6
05.	मदन की गाय	कहानी	8
06.	मछली	कविता	13
07.	टोपीवाला और बंदर	कहानी	16
08.	रेला रेला रे	कविता	20
09.	दयालु शेरानी	कहानी	21
10.	आओ, करें सफाई	कविता	25
11.	खेल-कूद	कहानी	28
12.	मीठे बोल	कविता	31
13.	लालबाग की सैर	पाठ	33
14.	काले-काले बादल	कविता	37
15.	उपकार के बदले उपकार	कहानी	40
16.	बुलबुल आ	कविता	43
17.	पंद्रह अगस्त	पाठ	45
18.	शब्द भंडार		51

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. गिनती का गीत

X6H7Y6

एक – दो – तीन
दोस्त अरुण - आज़म

दो – तीन – चार
सबसे करो प्यार ।

तीन – चार – पाँच
साँच को नहीं आँच ।



चार – पाँच – छः
काम करो अच्छे ।

पाँच – छः – सात
चोरी बुरी बात ।

छः – सात – आठ
एकता के ठाठ ।

सात – आठ – नौ
मार – पिटाई क्यों ?

आठ – नौ – दस
कुट्टी–कुट्टी बस ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

१ – एक _____ 

२ – दो _____ 

३ – तीन _____ 

४ – चार _____ 

५ – पाँच _____ 

६ – छः _____ 

७ – सात _____ 

८ – आठ _____ 

९ – नौ _____ 


१० – दस _____ 

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

१. मेल करो :

३




८



४



९



५



©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

2. छूटे हुए अंकों को लिखो :

____, २, ३, ____, ५, ____, ७, ____, ९, ____

****

3.लोमड़ी और कौआ (चित्रकथा)

I9F8U1

एक  एक रोटी चुराकर उड़ा और एक 

पर जा बैठा। वहाँ एक  आयी और उसने 

के मुँह में  देखी ।  ने  पाने

का एक उपाय किया।  ने  के गाने की

तारीफ़ की और कहा कि एक सुमधुर गाना सुनाओ ।

 की चिकनी-चुपड़ी बातें सुनकर 

ने गाने के लिए मुँह खोला..... काँव-काँव । 

गिर पड़ी और चालाक लोमड़ी उसे उठाकर भाग गयी।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

इन प्रश्नों के उत्तर लिखो :

1. कौआ क्या चुराकर लाया?

_____

2. कौए के मुँह में क्या थी ?

_____

3. लोमड़ी ने क्या उपाय किया ?

_____

4. लोमड़ी ने किसकी प्रशंसा की ?

_____

5. कौए ने क्या कहकर मुहँ खोला?

_____

6. लोमड़ी क्या उठाकर भाग गयी ?

_____

अध्यापन संकेत :

- इस कहानी को पढ़कर छात्रों द्वारा लिखवाएँ।
- इस प्रकार की कहानियाँ छात्रों से सुनवाएँ।

****

@RTBS NOT TO BE REPUBLISHED

4. हाथी

धम्मक – धम्मक आता हाथी
धम्मक – धम्मक जाता हाथी ।

जब पानी में जाता हाथी
भर – भर सूँड़ नहाता हाथी ।



कितने केले खाता हाथी
यह तो नहीं बताता हाथी ।

धम्मक – धम्मक आता हाथी
धम्मक – धम्मक जाता हाथी ।

पाठ से आगे -

बिंदुओं को जोड़कर चित्र पूरा करो :



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


अध्यापन संकेत :

- इस कविता को राग और अभिनय के साथ गवाएँ ।

****

5. मदन की गाय

मदन के घर के पिछवाड़े से रँभाने की आवाज़ आयी । मदन भागा-भागा माँ के पास आकर बोला - ''माँ, माँ गौरी को भूख लगी है।''




माँ ने कहा - ''जाओ, उसे हरी-हरी घास खिलाओ?''

मदन बाड़े में गया । उसने गाय और बछड़े की पीठ सहलाकर उसे प्यार किया । उसके सामने हरी घास का चारा ड़ाला ।



इतने में माँ आकर दूध दुहने लगी । माँ गाय के दूध से दही, मक्खन, घी और मिठाई भी तैयार करती है। मदन को ये सब चीज़ें बहुत पसंद हैं ।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



बछड़ा बड़ा होकर बैल बन गया। फिर उसे बैलगाड़ी से बाँधा गया। सब बैलगाड़ी में बैठकर मेला देखने गये।



© SCERT BBSR NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ से आगे -




इसे जानो :

* दूध से दही कैसे बनता है?
* दही से मक्खन कैसे बनता है?
* मक्खन से घी कैसे बनाया जाता है?

अभ्यास

I. गाय एक पालतू जानवर है । इनमें से कौन-कौन से प्राणी पालतू हैं? चित्र पर गोल का निशान लगाओ:



II. दूध से कई मिठाइयाँ बनती हैं । उनके नाम लिखो :


* ----------
* ----------
* ----------
* ----------
* ----------
* ----------

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

III. सोचकर बताओ :

१. मदन की गाय को घर के पिछवाड़े में बाँधा गया था । कुत्ते को कहाँ बाँधते हैं ?

२. मदन और घरवाले बैलगाड़ी में बैठकर मेला देखने गये । नीचे कुछ गाड़ियों एवं वाहनों के चित्र हैं। उनके नाम लिखो :




_____ _____ _____

_____ _____ _____

IV. मदन की गाय रँभाती है । जानो ये कैसी आवाज़ करते हैं और पूरे वाक्य में लिखो :




दहाड़ता है ।




हिनहिनाता है ।


NOT TO BE REPUBLISHED © CKTBS



चिंघाड़ता है ।



भौंकता है ।



रेंकता है ।



टर्राता है ।



रँभाती है ।

* * * *

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

6. मछली



मछली जल की रानी है
जीवन उसका पानी है ।
थिरक-थिरक कर जाती है
बिन पानी मर जाती है ।

रंग - बिरंगी मछली है।
मटक-मटक कर जाती है।
शीशे के अंदर पानी है।
मछली जल की रानी है।

© CBSE NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. नीचे दिये गये पशु कहाँ रहते हैं ? तालिका में (✓) चिह्न लगाओ :

	पानी	घर	जंगल
मछली			
सियार			
बिल्ली			
आदमी			
कछुआ			
मोर			
मगरमच्छ			
गाय			
बैल			
अजगर			


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

II. चित्र देखकर वाक्य बनाओ :

१. 

_____

_____

२. 

_____

_____

३. 

_____

_____

* * * *

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

7. टोपीवाला और बंदर

Y1A1Z6


एक दिन एक टोपीवाला टोकरी में टोपियाँ भरकर बाहर निकला । दोपहर के समय वह थक गया । इसलिए टोपियों की टोकरी अपने पास रखकर एक पेड़ के नीचे सो गया ।



उस पेड़ पर बहुत से बंदर थे। उन बंदरों ने टोपीवाले के सिर पर टोपी देखी । सभी बंदर नीचे उतर आये । टोकरी से एक-एक टोपी ले ली और सिर पर टोपी रख ली ।



NOT TO BE REPUBLISHED © SCERT



टोपीवाला जाग उठा और देखा कि टोकरी में एक भी टोपी नहीं है। उसने ऊपर की ओर देखा तो पाया कि सभी बंदरों ने टोपी धारण की थी । टोपीवाले ने अपनी टोपी ज़मीन पर फेंकी । इसे देखकर बंदरों ने भी अपनी-अपनी टोपी नीचे फेंक दी।

टोपीवाला सब टोपियाँ बटोरकर खुशी से चल पड़ा ।

नीति : संकट के समय सोच समझकर काम करना चाहिए।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

I. चित्र देखो और पढ़ो :



एक लड़की टोकरी में आम लेकर जा रही है।



पेड़ के नीचे दो बैल सो रहे हैं ।



पेड़ पर बच्चे छलाँग मार रहे हैं ।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

II. उदाहरण के अनुसार लिखो और पढ़ो :

1. टोपी – टोपियाँ
2. लड़की – _____
3. टोकरी – _____
4. मछली – _____
5. नारी – _____
6. लाठी – _____
7. तितली – _____
8. कहानी – _____

III. जंगल में रहनेवाले प्राणियों के नाम बताओ और लिखो एवं उनका चित्र सामने चिपकाओ :

जैसे - बाघ



१. _____

२. _____

३. _____

४. _____

५. _____

* * * *

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

8. रेला रेला रे


R9R3W4

रेला - रेला - रेला - रेला
रेला - रेला - रेला ।

झुमक - झुमक - झुमक बोलो
झुमक - झुमक - झुमक बोलो
झुमक - झुमक - झुम ।

दूर एक जंगल में
जंगल की झाड़ियों में
झाड़ों के पत्तों में
पत्तों की आड़ में
नन्हीं - सी चिड़ियाँ ।





दूर एक नदिया में
नदिया के पानी में
पानी की लहरों में
लहरों की आड़ में
नन्हीं सी मछलियाँ।

अध्यापन संकेत :


- अभिनय के साथ वैयक्तिक और सामूहिक रूप से गाने का अभ्यास कराएँ।


* * * *

9. दयालु शेरनी

A7J3H2

नट्टू हिरन बड़ा शरारती था। माँ उसे हमेशा समझाती ''नट्टू! तू अभी बहुत छोटा है। अकेले इधर-उधर मत दौड़ा कर।''





एक दिन नट्टू और उसके दोस्त खेल रहे थे। सब दौड़ते-दौड़ते पास के जंगल में बहुत दूर निकल गये । अचानक शेर की दहाड़ सुनाई दी। सब डरकर भागने लगे ।

भागते समय नट्टू को ठोकर लगी। वह गिर पड़ा । नट्टू के साथी दूर भाग गये थे । नट्टू डर के मारे ज़ोर-ज़ोर से रोने लगा । इतने में एक शेरनी वहाँ



NOT TO BE REPUBLISHED

आ पहुँची ।

शेरनी ने नट्टू को रोते देखा । उसे उस पर दया आ गयी। उसने उसे प्यार करके चुप कराया । उसे खाना खिलाकर पानी पिलाया । जंगल के बाहर ले जाकर छोड़ दिया । उसे घर जाने का रास्ता दिखाया ।



कहानी से आगे .....






* नट्टू ने घर वापस जाकर माँ से क्या कहा होगा ?
* नट्टू के घर पहुँचने से पहले उसके माता-पिता ने क्या-क्या सोचा होगा ?
* अगर शेरनी दयालु न होती तो क्या होता ?
* क्या तुम भी माँ का कहना न मानकर इधर-उधर भागते हो ?

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

* * * *


अभ्यास

I. चित्र देखकर तेज़ दौड़नेवाले प्राणियों को पहचानो और लिखो :


प्राणियों के चित्र	तेज़ दौड़ते हैं	तेज़ नहीं दौड़ते हैं
 हिरन		
 हाथी		
 चीता		
 घोड़ा		
 कछुआ		
 खरगोश		

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


तुम अपनी माँ का हाथ पकड़कर कहाँ - कहाँ जाते हो ? लिखो :



_____



_____



_____

कुछ नए शब्द बनाओ (ल, ख, प)

न	ट्	ट	नट्ट
	ट्	ट	
	ट्	टी	
	ट्	टी	

* * * *

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

10. आओ, करें सफाई

A9M5V8

आओ मिलकर करें सफाई,
कचरा क्यों फैलाएँ भाई ।

कागज़, छिलके कहीं न फेंकें,
जगह–जगह पर व्यर्थ न थूकें ।

साफ–सफाई सबको भाती,
गंदगी से दुनिया घबराती ।



खुला न रखें खाना–पानी,
बात यही बस हमने जानी ।

कहीं गंदगी न फैलाएँ,
स्वास्थ्य और सुंदरता पाएँ ।

NOT TO BE REPUBLISHED © KTBS

अध्यापन संकेत :

- राग और लय के साथ छात्रों से गाने के लिए कहें ।
- सफाई का महत्व समझाएँ ।

* * * *

अभ्यास

अपने घर को साफ–सुथरा रखने के लिए क्या–क्या करते हैं ?

१. _____

२. _____

३. _____

४. _____

* निशान (✓) लगाते हुए बताओ कि अच्छी और बुरी आदतें कौन-सी हैं?

आदतें	अच्छी	बुरी
१. हर रोज़ स्नान करना 		
२. सड़क पर केले का छिलका फेंकना 		

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

आदतें	अच्छी	बुरी
३. कक्षा में कागज के टुकड़े बिखेरना 		
४. बस की खिड़की से बाहर थूकना 		
५. भोजन से पहले हाथ साबून से धोना 		

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

* * * *

11. खेल-कूद

Q5E7R3

नज़ीर, चिंटू और पीटर ने फुटबॉल खेलने की ठानी । पत्थरों के दो गोल तैयार हुए । पीटर एक फुटबॉल लाया ।


पीटर ने सोचते हुए कहा – तुम दोनों खेलो । मैं खेल देखूँगा । चिंटू ने एक ज़ोरदार किक मारी । फुटबॉल नज़ीर की तरफ़ गया । नज़ीर ने फिर उसे चिंटू की गोल की तरफ़ मारते हुए कहा – बच्चू, इसे संभालो। चिंटू झपटकर उसे रोका और नज़ीर की गोल की तरफ़ मारा।



इतने में वहाँ एक बंदर आया । बिस्कुट और चॉकलेट का बैग उठाकर भागा । पीटर ने चिल्लाकर कहा–वहाँ देखो ! बंदर हमारे बिस्कुट ले गया । नज़ीर का ध्यान बंदर की तरफ़ गया। बॉल नज़ीर की गोल में गया । चिंटू उछलकर बोला – मैं जीत गया ।

बंदर बैग को खोल नहीं पाया । उसने बैग वहीं पटककर झाड़ पर छलाँग मारा । पीटर, चिंटू और नज़ीर ने मिलकर, बिस्कुट और चॉकलेट खाये । झूमते–उछलते वापस घर लौट आये ।

NOT TO BE REPUBLISHED



अध्यापन संकेतः • छात्रों का ध्यान पाठ के वार्तालाप की ओर खींचे।
• खेल और स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी दें।

पाठ से आगे-

i) चिंटू और नज़ीर–दोनों ने मिलकर फुटबॉल का खेल खेला । तुम अपने मित्र के साथ कौन–से खेल खेलते हो? बताओ :

* _____ * _____

* _____ * _____

* _____ * _____


ii) नीचे खेलों के नाम दिये गये हैं जो घर में और घर के बाहर मैदान में खेले जाते हैं । पता लगाओ कि कौन–कौन से खेल घर में और मैदान में खेले जाते हैं ।

शतरंज, कबड्डी, कैरम, **क्रिकेट,** हॉकी, पासा, साँप और सीढ़ी, खो–खो


घर में	मैदान में
* _____	* _____
* _____	* _____
* _____	* _____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED


iii) आप कई खेल खेलते हैं । खेल में कौन-सी चीजों का उपयोग किया जाता है? नीचे दी गयी वस्तुओं को उनके खेल से मिलाओ :




हॉकी




गुल्ली–डंड़ा




बैडमिंटन



क्रिकेट



कैरम



शतरंज

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

12. मीठे बोल

B1J9D4



कहे कबूतर – गुटरू–गूँ !

मुरगा बोला – कुकडूँ–कूँ !




तोता कहता – टें–टें–टें !

मोर बोलता – क्वें–क्वें–क्वें !

कोयल गाए – कुहू–कुहू !

रटे पपीहा – पिहू–पिहू !

चिड़िया बोली – चूँ–चूँ–चूँ !




@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बोली पहचानकर जानवरों के नाम लिखो:


* कुकडूँ-कूँ, कुकडूँ-कूँ – _____
* कुहू-कुहू, कुहू-कुहू – _____
* गुटरु-गूँ, गुटरु-गूँ – _____
* भौं-भौं, भौं-भौं, – _____
* म्याऊँ-म्याऊँ, म्याऊँ -म्याऊँ – _____

नाम बताओ :


अपने आस-पास दिखाई देनेवाले पक्षियों के चित्र नीचे चिपकाओ साथ ही, उनके नीचे नाम लिखो :

१. 

_____

२. 

_____

३. 

_____


४. 

_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

13. लालबाग की सैर

एक दिन मोहन अपने पिता के साथ लालबाग देखने गया । उसने फूलों की ओर देखकर पूछा – "पिताजी, फूल के पौधे यहाँ किसने लगाये?"



पिताजी : बेटा ! फूल के पौधे माली ने लगाये हैं । देखो, ये फूल देखने में कितने सुंदर हैं ! लाल, पीले, सफेद, रंग–बिरंगे फूल हरे–हरे पत्तों के बीच कितने अच्छे लगते हैं ।

मोहन : पिताजी ! फूलों से कैसी अच्छी खुशबू आ रही है!

पिताजी : हाँ बेटा ! बेला, गुलाब, चंपा, चमेली आदि फूल खुशबूदार होते हैं ।



© MBSE NOT TO BE REPUBLISHED

मोहन : पिताजी ! फूल पर तितली बैठी है । वहाँ देखिए, उस फूल पर एक मक्खी भी बैठी हुई है ।

पिताजी : हाँ बेटा ! वह मधुमक्खी है । उस पेड़ पर देखो । वह मधुमक्खी का छत्ता है । फूलों में शहद होता है। मधुमक्खियाँ दूर-दूर से शहद लाती हैं और छत्ते में जमा करती हैं । शहद स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

मोहन : पिताजी, वहाँ तालाब में देखिए। वे फूल कितने सुंदर हैं!

पिताजी : वे लाल कमल हैं । कुछ कमल सफ़ेद भी होते हैं ।

मोहन : पिताजी ! लालबाग किसका है? इसकी देखभाल कौन करते हैं?

पिताजी : बेटा, यह सरकार का है । इसकी देखभाल एक अफ़सर करते हैं। उनके साथ यहाँ कई लोग काम करते हैं। अच्छा, चलो बेटा ! अब देर हो गई।

© SCERT
NOT TO BE REPUBLISHED

अध्यापन संकेत :

- ऐसा ही किसी घटना सम्बन्धी एक वर्तालाप बच्चों से करवाएँ।


* * * *


बताओ, ये फूल कौन–से हैं ?











@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

मोहन अपने पिताजी के साथ लालबाग की सैर कर आया है। बताओ, तुम अपने पिताजी के साथ कहाँ-कहाँ की सैर करते हो।

* _____

* _____

* _____

* _____

निम्नलिखित वस्तुओं का स्वाद कैसे होता है, लिखो :


वस्तु	स्वाद
१. गन्ना	_____
२. प्याज़	_____
३. सेब	_____
४. अनार	_____
५. अंगूर	_____
६. मूली	_____
७. मिर्च	_____
८. जलेबी	_____

* * * *

@KTRS NOT TO BE REPUBLISHED

14. काले-काले बादल

P4L2L7



सावन के दिन आये
काले–काले बादल छाये ।

गरज–गरजकर बादल बरसे,
तड़क–तड़ककर बिजली चमके ।



छम–छम जल बादल बरसाये,
हम सबको है मेह भाये ।

उमड़–उमड़ कर, घुमड़-घुमड़ कर
काले मेघ कितना शोर मचाये ।

चारों ओर घटा भी छाये,
इसीलिए तो सावन आये ।

NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

कविता पढ़कर बोलो :

१. काले–काले बादल कब दिखाई देते हैं ?

_____

२. बिजली क्या कर रही है ?

_____

३. बादल क्या बरसा रहे हैं ?

_____

४. शोर कौन मचा रहे हैं ?

_____

५. घटाएँ कहाँ छायी हैं ?

_____

६. तारे कब दिखाई देते हैं ?

_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्न शब्दों को पढ़ो और लिखो :

* काले – काले _____
* गरज – गरज _____
* छम – छम _____
* उमड़ – उमड़ _____

ग्रीष्म ऋतु का चित्र :

इस चित्र में बहुत धूप के कारण गरमी से लोग तंग आ गये हैं । बच्चे आईस्क्रीम खा रहे हैं । कई लोग लस्सी पी रहे हैं। कई लोग पंखे की हवा खा रहे हैं ।



इस चित्र के बारे में बच्चों से बातचीत करें – यह किस समय का दृश्य है ? बच्चे क्या कर रहे हैं ? लोग क्या पी रहे हैं? पंखे की हवा कौन खा रहे हैं? गरमी से राहत पाने के लिए हम क्या कर सकते हैं? सोचो और लिखो :

१ _____

२ _____

३ _____

४ _____

५ _____

* * * *

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

15. उपकार के बदले उपकार

एक दिन एक लकड़हारा जंगल से गुज़र रहा था । एक स्थान पर उसने देखा कि एक बाज किसी चिड़ीमार द्वारा बिछाए गए जाल में फँस गया है। लकड़हारे को बाज पर दया आ गई । उसने दौड़कर बाज को जाल से आज़ाद कर दिया । बाज ने लकड़हारे को धन्यवाद दिया और वहाँ से उड़ गया ।



एक दिन लकड़हारा एक टीले पर बैठकर खाना खा रहा था । अचानक कहीं से वही बाज आया और झपट्टा मारकर उसकी रोटी लेकर उड़ गया । फिर वह पास के पेड़ पर बैठ गया । अपना खाना बचाने के चक्कर में लकड़हारे का संतुलन बिगड़ गया । वह टीले से गिर पड़ा ।



लकड़हारे ने बाज को ध्यान से देखा और उसे तुरंत पहचान गया। उसे उस धोखेबाज पर बहुत गुस्सा आया ।

NOT TO BE REPUBLISHED

लेकिन बाज बोला, "श्रीमान ! आपके पीछे एक ज़हरीला साँप आपको डसने के लिए बैठा था । मैंने आपके खाने पर झपट्टा मारकर आपको उस स्थान से हटा दिया, ताकि वह साँप आपको न डस सके।"


लकड़हारे ने पीछे मुड़कर साँप को देखा तो उसे बाज की बात पर विश्वास हुआ । उसने बाज को अपने प्राण बचाने के लिए धन्यवाद दिया ।

जंगल में रहनेवाले अपने पसंद के जानवर का चित्र बना कर रंग भरो :


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

बताओ तुम क्या करोगे :

१) कक्षा में तुम्हारे सहपाठी की पेंसिल गुम हो गयी है और तुम्हारे पास दो पेंसिलें हैं।



२) स्कूल में तुम दोपहर टिफन का डिब्बा खोलकर खा रहे हो, तुम्हारा दोस्त टिफन नहीं लाया है और उसे बहुत भूख लगी है।



NOT TO BE REPUBLISHED

अध्यापन संकेत :

- इस पाठ में निहित नीति की ओर ध्यान दिलवाएँ ।
- बच्चों को दूसरों की सहायता करने की प्रेरणा दें ।


* * * *

16. बुलबुल आ

E1H4P1



बुलबुल आ, बुलबुल आ,
फुदक–फुदक कर गीत सुना ।
दाना–चुग्गा चुग कर खा ।



मधुर–मधुर गाना सुना कर,
गुलाब का उपवन चहका कर ।
फुर–फुर, फुर–फुर उड़ती जा ।

© KIRAN NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

१) आभिनय के साथ यह गीत गाओ ।

२) निम्नलिखित शब्दों को दो–दो बार लिखो और बोलो :

बुलबुल _____ _____

फुदक _____ _____

मधुर _____ _____

फुर–फुर _____ _____

३) निम्नलिखित चीज़ों की तलिका बनाओ :

(रोटी, पानी, दूध, आम, छाछ, मक्खन, केला, लड्डू, जलेबी, गन्ने का रस, अंगूर का रस, लस्सी)

खाने की चीज़ें	पीने की चीज़ें

अध्यापन संकेत :

- इसी प्रकार के अन्य दो गीतों को छात्रों से गवाएँ ।

* * * *

©KTDS NOT TO BE REPUBLISHED

17. पन्द्रह अगस्त

मीना ने देखा – उसकी दीदी गीता रंगीन कागज़, कैंची और स्केल लिए बैठी हैं । पास ही सुतली और गोंद भी रखा है ।

मीना : दीदी, तुम क्या कर रही हो ?

गीता : मैं रंगीन कागज़ से झंडियाँ बना रही हूँ ।

मीना : ये झंड़ियाँ क्यों बना रही हो ?

गीता : कल पन्द्रह अगस्त है न, इन रंगबिरंगी झंडियों से विद्यालय को सजाएँगे ।

मीना : पन्द्रह अगस्त को क्या है, दीदी ?

गीता : पन्द्रह अगस्त के दिन हमारा देश आज़ाद हुआ था । इसीलिए हर साल हम यह दिन खुशी से मनाते हैं ।



मीना : दीदी, कल और क्या–क्या करेंगे ?

गीता : विद्यालय के मैदान में झंडा फहराकर, झंडे को सलामी देंगे । राष्ट्रगीत 'जन–गण–मन' गाएँगे ।

मीना : दीदी, झंडी बनाने में क्या मैं भी तुम्हारी मदद करूँ?


गीता : हाँ । देखो, ये लाल, पीली, सफेद और हरी झंडियाँ एक के बाद एक क्रम से लगा देना ।

दोनों बहने झंडियाँ बनाने लगती हैं ।

NOT TO BE REPUBLISHED

अभ्यास

* **सोचकर लिखो :**




कैंची से हम काटते हैं ।

_____ से हम चिपकाते हैं ।


इन वस्तुओं को हम किससे काट सकते हैं ? चित्र देखकर नाम लिखो : (आरा, चाकू, कैंची, कुल्हाड़ी)




_____



_____



_____




_____

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

कुछ काटो और कुछ नया बनाओ :

* रंगीन चौकोर कागज़ के दो कोनों को जोड़ो ।
* स्केल लेकर बीच में से काटो ।
* दो झंडियाँ तैयार हो गईं ।
* ऐसी ही अन्य रंगों की झंडियाँ बनाओ ।
* गोंद से सुतली पर चिपकाओ ।
* झंडियों की लड़ी से अपनी कक्षा को सजाओ ।

रंग भरो :



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



१. चित्र के बारे में दो - तीन वाक्य लिखो :

_____

_____

_____

_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

२. इन चित्रों में एक ऐसा समूह है, जिसके नामों में 'क' अक्षर आता है । दूसरा ऐसा समूह है, जिसके नामों में 'ग' अक्षर आता है । चुनकर लिखो:

'क' समूह


कोमल


केविन


गंभीर



कनक

'ग' समूह


गीता


कला


कलाम


कविता


गौरव


गगन


कोयल

@KTRS
NOT TO BE REPUBLISHED

रंगों का खेल, मन चाहे रंग भरो :



© KTSS
NOT TO BE REPUBLISHED

* * * *

शब्द भंडार

अ	आ	इ	ई
अकेला	आँख	इधर	ईख
अचानक	आज़ाद	इडली	ईंट
अनाज	आड़	इमली	ईसा
अनार	आदमी	इमारत	
अभिनय	आप	इस	
अभी	आम		
	आसमान		
	आलू		
	आवाज़		

उ	ऊ	ऋ	ए
उड़	ऊख	ऋषभ	एक
उदर	ऊन	ऋषि	एकड़
उधर	ऊपर		एड़ी
उपवन	ऊसर		एकतारा
उपाय			
उमड़			

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

ऐ	ओ	औ	अं
ऐनक	ओखली	औज़ार	अंक
ऐब	ओंठ	और	अंग
ऐरावत	ओर	औरत	अंगूठी
ऐश्वर्य	ओस	औषध	अंगूर
			अंदर
			अंबर

अः	क	ख	ग
दुःख	ककड़ी	खग	गीता
प्रातः	कछुआ	खत	गदा
	कबूतर	खबर	गन्ना
	कलम	खरगोश	गमला
	कविता		गरमी
	कसरत		
	कहानी		

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS

घ	च	छ	ज	झ
घड़ा	चंपा	छः	जंगल	झट
घड़ी	चमेली	छड़ी	जटा	झपट
घंटा	चरण	छत	जन	झलक
घर	चहक	छतरी	जल	
घास		छत्ता	जलेबी	
			जहाज़	

ट	ठ	ड	ढ	ण
टमाटर	ठठेरा	डफली	ढक्कन	गण
टहनी	ठप्पा	डमरू		कण
टपक	ठग	डर		रण
टब		डस		

त	थ	द	ध	न
तट	थक	दया	धन	नट
तबला	थन	दवात	धनुष	नदी
तराजू	थल	दहाड़	धन्यवाद	नभ
तल		दही		नल
तलवार				नहाना
				नक्षत्र

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

प	फ	ब	भ	म
पंखा	फन	बगुला	भगवान	मक्खन
पतंग	फल	बच्चा	भजन	मगर
पत्र	फलक	बड़ा	भय	मंगल
पर	फसल	बत्तख	भवन	मछली
पसंद	फँस	बस		मधुर
पहचान		बहुत		
पहला				

य	र	ल	व	श
यज्ञ	रंग	लड़का	वजन	शर
यम	रथ	लड्डू	वन	शरबत
यश	रस	लकड़हारा	वर	शरीफ
यह		लस्सी	वह	शहद
		लहर		शहर

ष	स	ह	क्ष	त्र
षट्	सड़क	हमेशा	क्षणिक	तंत्र
षट्कोण	समय	हरा–भरा	क्षत्रिय	पत्र
षट्पद	समूह	हल	क्षय	यंत्र
	सरकस	हलवाई		ज्ञ
	सहपाठी	हवन		यज्ञ
		हवाईजहाज़		ज्ञानदेव
				विज्ञान

* * * *

NOT TO BE REPUBLISHED ©KTBS